(ग) और (घ) वस्तुगत सहायता प्रदान करने के प्रयोजनों हेतु मध्य प्रदेश राज्य के लिए 1996-97 के दौरान 121 लाख रूपये का आबंटन किया गया और वर्ष 1997-98 के लिए 325 लाख रूपये के आबंटन का प्रस्ताव किया गया है ।

Aids Control Programme in Madhya Pradesh

4048. SHRI AJIT P.K. JOGI: SHRI RAMJI LAL:

Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) what is the number of AIDS cases detected in Madhya Pradesh till now;

(b) the datails of hospitals in the state in which AIDS testing facilities are available;

(c) whether the Central Government have introduced the AIDS control programme in Madhya Pradesh with the help of foreign assistance;

(d) whether the Central Government have reviewed this programme; and

(e) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LAW AND JUSTICE (SHRI RAMAKANT D. KHALAP): (a) As per the records available with the National AIDS Control Organisation 119 AIDS cases have been detected in Madhya Pradesh till the end of April, 1997.

(b) Three hospitals one each in Bhopal, Indore and Jabalpur are having the facilities of testing the AIDS cases in Madhya Pradesh.

(c) The AIDS prevention and control programme is being implemented as 100% Centrally Sponsored Scheme through States/UTs with World and credit of U.S. Dollar 84 million. Government of Madhya Pradesh has also been implementing the programme alongwith other states/UTs.

(d) and (e) The programme is reviewed from time to time in the meeting of the National AIDS Control Board, National AIDS Committee, Central Council of Health and Family Welfare as well as in the Meetings of the State AIDS Programme Officers. In addition officials from Government of India continuously interact with the State Government Officers for the implementaion of the programme.

मलेरिया रोग पर काबू पाने के लिए मध्य प्रदेश को केन्द्रीय सहायता

4049. **श्री दलीप सिंह जुदेव :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्रीय सरकार को वर्ष 1995-96 के दौरान मध्य प्रदेश में मलेरिया रोग के तेजी से फैलने तथा बड़ी संख्या में लोगों का इस रोग से पीड़ित होने तथा मृत्यु होने की जानकारी प्राप्त हुई है;

(ख) यदि हां, तो मध्य प्रदेश सरकार ने इस रोग पर काबू पाने के लिए केन्द्रीय सरकार से किस प्रकार की सहायता मांगी है और मलेरिया की रोकथाम, उपचार तथा इसके उन्मुलन हेतु तैनात किए गए कर्मचारियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) केन्द्रीय सरकार ने मध्य प्रदेश सरकार की इस संबंध में किस प्रकार की सहायता की है; और

(घ) मध्य प्रदेश सरकार को मलेरिया रोग के पुन: फैलने से रोकने, उसके उपचार तथा प्रतिरोधात्मक क्षमता का विकास करने हेतु प्रदान की जा रही केन्द्रीय सहायता का ब्यौरा क्या है?

विधि और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री रमाकांत डी. खलप) : (क) से (घ) मध्य प्रदेश राज्य में पिछले वर्षों की तुलना में 1996 के दौरान मलेरिया के रोगियों की संख्या तथा मलेरिया से हू मौतों की संख्या में कुल मिलाकर वृद्धि हुई है । मध्य प्रदेश सरकार को 1995-96 के दौरान कार्यक्रम के केन्द्रीय हिस्से के रूप में 1228.26 लाख रूपये की राशी कीटनाशी, लार्वानाशी औषधि तथा सूक्ष्मदर्शी यन्त्रों के रुप में केन्द्रीय सहायता की गई । राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम केन्द्रीय प्रायोजित 50:50 की लागत हिस्सेदारी योजना है । रिकार्डों के अनुसार राज्य को स्वीकृत की गई वस्तुओं के अतिरिक्त उसके द्वार कोई विशेष अनुरोध नहीं किया गया है । मलेरिया से प्रतिरक्षण के लिए कोई वैक्सीन भी उपलब्ध नहीं है ।